नईदुनिया



# फार्मर आईडी से किसानों को मिलेगी डिजिटल पहचान : डॉ. यादव

## इसी दिशा में कृषि क्षेत्र में भी आधुनिक डिजिटल व्यवस्था विकसित की जा रही

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में किसानों की फार्मर आईडी बनाने का अभियान जारी है।

यह आईडी किसानों को विश्वसनीय डिजिटल पहचान उपलब्ध कराएगी और कृषि से जुड़ी विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त करने में मदद करेगी। उन्होंने सभी किसानों से अपनी फार्मर आईडी बनवाने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि शासकीय दल गांव-गांव पहुंचकर किसानों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य कर रहे हैं। फार्मर आईडी को किसानों से संबंधित विभिन्न जानकारियों से जोड़ा जाएगा। इसमें भूमि अभिलेख, पशुधन स्वामित्व, बोई गई फसल और शासन से प्राप्त लाभ जैसी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल होगी। इससे किसानों को कृषि संबंधी सेवाएं समय पर, व्यक्तिगत रूप से और अधिक विश्वसनीय तरीके से उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर डिजिटल कृषि मिशन को व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है। डिजिटल क्रांति ने डिजिटल पहचान, सुरक्षित भुगतान और लेनदेन के माध्यम से शासन एवं सेवा वितरण में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इसी दिशा में कृषि क्षेत्र में भी आधुनिक डिजिटल व्यवस्था विकसित की जा रही है। उन्होंने बताया कि डिजिटल कृषि मिशन के तहत डिजिटल सार्वजनिक अधोसंरचना का निर्माण, डिजिटल फसल अनुमान सर्वेक्षण और कृषि से जुड़े शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों द्वारा डिजिटल तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। फार्मर आईडी के माध्यम से किसानों को डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और दूरसंवेदी तकनीक जैसी आधुनिक तकनीकों का लाभ मिलने की संभावना है। इससे कृषि क्षेत्र में बेहतर योजना और निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

किसान आईडी और डिजिटल फसल सर्वेक्षण के परीक्षण के लिए उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और तमिलनाडु में भी पायलट परियोजनाएं संचालित की गई थीं।

# श्रमिक कल्याण समावेशी विकास की आधारशिला : शर्मा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने कहा कि श्रमिकों का कल्याण मध्यप्रदेश के समावेशी और सशक्त विकास की आधारशिला है। श्रम विभाग श्रमिकों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण, आवश्यक सुविधाएं और आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध कराने के लिए गंभीरता से कार्य करे। उन्होंने सभी जिलों में श्रमिकों का प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना के तहत बीमा कराने के निर्देश दिए।

संभाग आयुक्त ने भोपाल संभाग के सभी जिलों के श्रम विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं और असंगठित श्रमिकों को भी अभियान चलाकर योजना का लाभ दिलाया जाए।

बैठक में संबल 2.0 पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत ब्लॉक स्तर पर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबल 2.0 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर लंबित मामलों के निराकरण के लिए विशेष रणनीति बनाकर प्रतिदिन निगरानी की जाए। माइक्रो प्लानिंग के साथ कार्य करने से निर्धारित लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

बैठक में रायसेन के श्रम विभाग अधिकारी हरदीप सिंह सैनी को विभागीय योजनाओं की प्रगति में शिथिलता बरतने और योजनाओं की सही प्रस्तुति नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त आयुक्त डॉ. विनोद यादव, उपायुक्त शैलेन्द्र सिंह सोलंकी सहित सभी जिलों के श्रम विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों की सेवा परमात्मा की सच्ची सेवा

भोपाल। संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा परमात्मा की सच्ची सेवा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सभी शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाया जाए और उन्हें स्वरोजगार योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाए। संभाग आयुक्त ने गुरुवार को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और मैदानी अमले के कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी वृद्धाश्रमों का नियमित निरीक्षण करने और पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन और दिव्यांग पेंशन हितग्राहियों के डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट पंजीयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विशिष्ट पहचान पत्र (यूडीआईडी) और मेडिकल प्रमाण पत्र से जुड़े लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए।

संभाग आयुक्त ने मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना और दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में संयुक्त आयुक्त राजस्व डॉ. विनोद यादव, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग रामविलास सेमिल सहित संभाग के सभी जिलों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहस्त्रधाराओं से हुआ शिवाभिषेक निकली भव्य पालकी यात्रा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सावन मास के अवसर पर नुक्कड़ वाली माता मंदिर में भगवान शिव का सहस्त्रधाराओं से अभिषेक किया गया। श्रावण मास के पूरे एक महीने तक प्रतिदिन शाम विद्वान आचार्यों द्वारा वेदों का सस्वर पाठ और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिव अभिषेक कराया गया। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की।

अनुष्ठान के समापन अवसर पर पार्थिव शिवलिंग का विशेष पूजन किया गया। आचार्य पंडित रवि पटेरिया एवं आचार्य मिथुन शर्मा ने रुद्राष्टकम के पाठ के साथ दूध, दही, शहद, घी और मिष्ठान से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। इसके बाद मंदिर प्रांगण से सैनिक कॉलोनी तक भगवान शिव की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ शामिल हुए। एक माह तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा, डॉ. रोहित परमार, डॉ. राजदीप खेमचंदानी और भूपेंद्र सिंह गुर्जर रहे। यजमानों ने पंचामृत से भगवान शिव का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

पालकी यात्रा और अभिषेक समारोह में कृष्ण सेन अधिवक्ता, विष्णु प्रसाद बाथम, अनीता मिश्रा, रूप कुमार सोनी, गिरजा शंकर त्रिवेदी, ओम प्रकाश सोनी, बलराम मेहता, रीना राठौर, अनिकेत ठाकुर, ममता कनौजिया, हेमा परिहार, दीपाली दुबे, आशा तोमर, अनीता बाथम, प्रांजल मेजर और सोल्जर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शासकीय कार्य में लापरवाही पर चार अधिकारियों को नोटिस

**भोपाल।** शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने राजगढ़ जिले के चार अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं। इन अधिकारियों के कार्य में लापरवाही की जानकारी कलेक्टर द्वारा संभागायुक्त को दी गई थी।

राजगढ़ के उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डीआर अहिरवार को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नोटिस दिया गया। जिला कोषालय अधिकारी प्रहलाद डोडरिया को बैठकों में अनुपस्थित रहने के कारण कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह खत्री को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में कमी तथा परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, सुठालिया परियोजना को आंगनवाड़ी केंद्रों का समुचित संचालन नहीं मिलने पर नोटिस जारी किया गया है।

# बहनों का स्नेह और आशीर्वाद ही देश की वास्तविक ताकत : शुक्ल



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की उपस्थिति में शुक्रवार को सर्किट हाउस रीवा में रक्षाबंधन पर्व उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धर्मों और सामाजिक संगठनों से जुड़ीं तथा जिले भर से बड़ी संख्या में बहनें पहुंचीं।

उन्होंने उप मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा और उनके दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की।

राखी बंधवाने के बाद उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बहनों का स्नेह और आशीर्वाद ही देश की वास्तविक ताकत है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव और नारी सम्मान को मजबूत करने का माध्यम भी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। बहनों और बेटियों का स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त होना परिवार और समाज की खुशहाली के लिए आवश्यक है। उन्होंने रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने भी बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया।



## ब्रह्माकुमारी सेंटर में राखी बंधवाकर लिया आशीर्वाद

हिरदाराम नगर। ब्रह्माकुमारी सेंटर में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। हीरो फैंस क्लब अध्यक्ष हीरो हिंदू और उनकी टीम ने रक्षा सूत्र बंधवाए तथा बीके वंदना दीदी से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नानक ददलानी, प्रभुदास मूलचंदानी एवं मधु घनश्यानी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर दादाजी धाम मंदिर में भक्तिमय आयोजन

### भगवान शिव सहित देवी-देवताओं को रक्षा-सूत्र अर्पित कर भक्तों ने किया हवन, सुख-शांति और मंगल की कामना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** श्रावण मास के अंतिम दिन श्रावण पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन का पावन पर्व रायसेन रोड, पटेल नगर स्थित जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर में श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव सहित मंदिर में विराजमान देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना की और रक्षा-सूत्र अर्पित किए। पूर्णिमा के अवसर पर विधि-विधानपूर्वक हवन का आयोजन भी किया गया।

श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर परिवार की सुख-शांति, आरोग्य एवं समृद्धि के साथ समाज और विश्व के कल्याण की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन की आहुतियों से मंदिर परिसर का वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय हो गया। रक्षाबंधन पर भक्तों ने भगवान शिव एवं अन्य देवी-देवताओं को रक्षा-सूत्र अर्पित करते हुए कष्टों को दूर करने, सुख-शांति प्रदान करने और शुभ मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना की।

मंदिर अध्यक्ष शिवरतन नामदेव एवं ट्रस्टियों ने बताया कि पूरे श्रावण मास में प्रतिदिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक साधना में सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ के श्रीचरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। श्रावण पूर्णिमा के समापन अवसर पर पूरे सावन में की गई पूजा-अर्चना को भगवान शिव को समर्पित किया गया। श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव एवं ट्रस्टियों ने कहा कि श्रावण मास में नियमित शिव आराधना, रुद्राभिषेक और पूर्णिमा पर हुआ हवन भक्तों की अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक साधना श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव की कृपा एवं आशीर्वाद से संपन्न हुई। भक्तों ने प्रार्थना की कि प्रत्येक परिवार पर ईश्वर की कृपा बनी रहे, दुख-संकट दूर हों और जीवन में धर्म, सद्भाव, सुख एवं शांति का प्रकाश बना रहे। 'नमः शिवाय' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। मंदिर परिवार की ओर से सभी श्रद्धालुओं को श्रावण पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी गईं।

# उज्जैन में मुख्यमंत्री ने बहनों से बंधवाया रक्षा सूत्र



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को उज्जैन के वीवीआईपी गेस्ट हाउस एवं पुलिस सामुदायिक भवन में महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं। गृह विभाग से जुड़ी बहनों ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा।

इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति की महिला कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मचारियों, महिला सफाई मित्रों तथा नगर निगम की महिला सफाई मित्रों ने भी मुख्यमंत्री को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने सभी बहनों से आत्मीय संवाद कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें उपहार भेंट किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, स्नेह, विश्वास और आपसी संबंधों को मजबूत करने वाला पवित्र पर्व है। उन्होंने सभी बहनों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन, उज्जैन विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश यादव, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विशेषज्ञों से विद्यार्थियों ने समझी स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** साधु वासवानी स्वायत्त महाविद्यालय के इनक्यूबेशन एवं कौशल विकास केंद्र द्वारा विद्यार्थियों के लिए आरएनटीयू के अटल इनक्यूबेशन सेंटर, कौशल विकास केंद्र एवं फैब लैब का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इसमें महाविद्यालय के 55 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को इनक्यूबेशन, नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। विषय विशेषज्ञों ने नया स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया, सही मार्गदर्शन प्राप्त करने, उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने तथा व्यावसायिक विचारों को व्यवहारिक रूप देने के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया।

लाइव प्रदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों की कार्यप्रणाली भी समझाई गई। विद्यार्थियों ने थ्रीडी प्रिंटर और ड्रोन तकनीक का प्रत्यक्ष प्रदर्शन देखा तथा उनके व्यावहारिक उपयोगों की जानकारी प्राप्त की। इससे विद्यार्थियों को तकनीकी नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से स्टार्टअप और नवाचार से जुड़े सवाल पूछे। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान इनक्यूबेशन एवं कौशल विकास केंद्र की टीम से नेहा संतानी, अर्चना सिंह, रजनी अडवाणी एवं सूरज मजूमदार उपस्थित रहे। केंद्र के समन्वयक डॉ. अनुपम सेलोट ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# ओवरब्रिज की बाउंड्रीवॉल से टकराई बस, 4 की मौत, 12 घायल

## ब्यावरा से इंदौर की ओर जा रही थी, सवारियों ने की ओवर स्पीड की शिकायत



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** ब्यावरा के भोपाल बायपास पर सुबह 8 बजकर 38 मिनिट पर ओवरब्रिज की सेफटी वॉल से तेजी से टकराई और फिर रगड़ाती हुई चली गई। जिसमें चलते सिलीपर में सो रहे कई लोग सीधे सड़क पर आकर गिरे जिसमें चलते 4 की मौत हो गई और 12 सवारियां घायल हो गई हैँ।

इन्हीं में महाराष्ट्र पुलिस के इंस्पेक्टर भी मृत हो गए है। हादसा इतना भयावह कि नींद में सो रहे यात्री कुछ समझ ही नहीं पाए,अपर बर्थ पर सो रहे कई यात्री सीधे नीचे जा गिरे, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों को ब्यावरा सिविल अस्पताल लाया गया,हादसे में महाराष्ट्र पुलिस के जवान भी घायल बताए जा रहे हैं,कुल 12 घायल बताये जा रहे है

हादसे की सूचना मिलते ही एसपी अमित तोलानी और एसडीएम गोविंद दुबे मौके पर पहुंचकर घायलों को तुरंत उपचार हेतू अस्पताल शिप्ट किया । उल्लेखनीय है कि ओवर ब्रिज के इसी स्पॉट पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं,स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण के दौरान ही ओवरब्रिज के डिजाइन/टर्न को लेकर सवाल उठे थे जनप्रतिनिधियों द्वारा संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर खामी दूर करने की मांग किए जाने की बात सामने आ रही है।

**ओवर ब्रिज का टर्न एंगल पर सवालिया निशान :** सिंगल-वे और करीब 80 डिग्री का तीखा टर्न होना हादसे की बड़ी वजह माना जा रहा है। हादसे के बाद एक बार फिर ओवरब्रिज के निर्माण और डिजाइन पर सवाल खड़े।

**यह हुए हैं घायल :** रक्षित सिंह मोहम्मदपुर, अमित कुमार,मोहम्मदपुर मीनू सिंह, मोहम्मदपुर , सुरेन्द्र प्रताप सिंह जौनपुर, श्रीनिवास,बेंगलुरू , रमेश नायक, बेंगलुरू, विश्वनाथ बेंगलुरू , सोनू,खैराबाद , केशव,मथुरा ,सुमन शर्मा, कानपुर, पार्थ शर्मा, कानपुर,रवि शर्मा, कानपुर।

**यह बने काल का ग्रास :** बस हादसे में जान गंवाने वालों में बस ड्राइवर के साथ बेंगलुरू में पदस्थ साइबर इंस्पेक्टर रवि केबी शामिल है।

**घायलों से मिले मंत्री नारायण सिंह पंवारः** राजगढ़ जिले के ब्यावरा में शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे हुए बस हादसे में घायल नागरिकों से राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने ब्यावरा स्थित सिविल अस्पताल पहुंचकर मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मंत्री पंवार ने घायलों एवं उनके परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा चिकित्सकों से घायलों के उपचार, स्वास्थ्य एवं अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की।